अपराध | बहोरीबंद के सोमकला गांव से एसपी ऑफिस पहुंची महिलाएं, कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

# शराब के अवैध विक्रय पर महिलाओं ने खोला मोर्चा



**नवभारत, कटनी।** जिले में एक ओर जहां ऑपरेशन शिकंजा चलाकर शराब के अवैध विक्रय को रोकने का दावा किया जा रहा है तो वहीं दूसरे बहोरीबंद थाना क्षेत्र के ग्राम सोमकला में शराब की अवैध विक्रय से ग्रामीण महिलाएं परेशान हैं। शराब के अवैध विक्रय पर कार्रवाई की मांग को लेकर ग्रामीण महिलाओं ने एसपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है। शराब पर तत्काल रोक लगाने कार्रवाई करने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में लंबे समय से शराब का अवैध विक्रय लगातार हो रहा है, जिसके कारण गांव का माहौल खराब हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में बहोरीबंद थाने में कई बार शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि शराब आसानी से मिलने के कारण छोटे बच्चे भी नशे की चपेट में आ रहे हैं। इससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है और परिवारों में झगड़े बढ़ रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जल्द ही अवैध शराब की बिक्री पर रोक नहीं लगाई गई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## 150 पाव शराब जब्त

एक ओर जहां बहोरीबंद क्षेत्र में शराब के अवैध विक्रय से ग्रामीण परेशान हैं तो वहीं दूसरी ओर पुलिस का दावा है की अवैध शराब की विक्रय रोकने के लिए ऑपरेशन शिकंजा चलाया जा रहा है। पुलिस लगातार शराब का अवैध विक्रय रोक रही है, अवैध शराब को जब्त भी किया जा रहा है। पुलिस ने पूरे जिले में ऑपरेशन शिकंजा के तहत 15 हजार रूपए की 150 पाव अवैध देशी शराब जब्त की गई है। पुलिस ने बताया कि कोतवाली थाना प्रभारी थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पांडेय और कोतवाली पुलिस टीम द्वारा अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई करते हुए काफी मात्रा में अवैध देशी शराब के साथ चार आरोपियों को पकड़ा है। कार्रवाई के दौरान चौपाटी के पास से मेहबूब पिता शेख हबीब के कब्जे से 34 पाव देशी मदिरा कीमती 34 सौ रूपए, कैलवारा खुर्द के पास से पवन पिता रघुनाथ प्रसाद दुबे के कब्जे से 45 पाव देशी शराब, चौधरी मोहल्ला सावरकर वार्ड निवासी रूबी अहिरवार के कब्जे से 40 पाव देशी शराब, खिरहनी फाटक निवासी हीरालाल निषाद के कब्जे से 29 पाव अवैध देशी शराब जब्त की गई है। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। शराब के अवैध विक्रय के खिलाफ कार्रवाई जारी है।



# पांच महीने की पर्ची काटकर दे रहे एक महीने का राशन

**राशन दुकान संचालक पर कार्रवाई की मांग**

**नवभारत, कटनी।** जिले के कैमोर नगर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण में बड़ी अनियमितता सामने आई है। विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अमरैयापार वार्ड क्रमांक 15 स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि पांच महीने की पर्ची कटने के बावजूद उन्हें सिर्फ एक हीने का ही राशन दिया जा रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि जब वे राशन लेने पहुंचे तो रिकॉर्ड में उनके पिछले कई महीनों की पर्चियां दर्ज मिलीं, लेकिन मौके पर सिर्फ एक महीने का ही खाद्यान्न दिया जा रहा था।

इस स्थिति से लोगों में नाराजगी फैल गई। अनियमितता सामने आने के बाद आक्रोशित उपभोक्ताओं ने दुकान के बाहर कोटा संचालक के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। भीड़ बढ़ती देख राशन विक्रेता वितरण बीच में ही रोककर मौके से चला गया। सूचना मिलने पर कैमोर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति को शांत कराया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या केवल एक वार्ड तक सीमित नहीं है।

कैमोर के अन्य इलाकों में भी राशन वितरण में गड़बड़ी और खराब गुणवत्ता के खाद्यान्न की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## एक नजर में



### प्रतिबंध के बावजूद भूसे का निर्यात करने पर एफआईआ दर्ज

**नवभारत, कटनी।** जिला दंडाधिकारी कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा पशुचारा, पैरा, गेहूं का भूसा आदि के जिले की सीमा के बाहर निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंध के उल्लंघन पर बुधवार को बहोरीबंद थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। कलेक्टर तिवारी की अनुज्ञा पत्र के बिना अवैध रूप से नियमों का उल्लंघन कर पशुचारा का अन्य जिले, जबलपुर के लिए परिवहन करना पाए जाने पर ग्राम कोटवार महेश मेहरा ग्राम पटना रोड के द्वारा पुलिस थाना बहोरीबंद में गेहूं भूसा के नियम विरूद्ध परिवहन के संबंध में प्रथम सूचना दर्ज करने का आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें बताया गया कि बुधवार की दोपहर सिंदूरसी निवासी ट्रैक्टर चालक संतोष पिता कुंजीलाल चौधरी ने ट्रैक्टर में अवैध रूप से पशु चारा का परिवहन कर अन्य जिले में ले जाना पाया गया। ट्रैक्टर ड्राइवर ने पूछताछ में बताया कि गेहूं भूसा सिहुड़ी निवासी अशोक पटेल के खेत से भरकर परियट जगदंबा कांटा जबलपुर ले जा रहा हूं, ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर मालिक का नाम खेत सिंह पटेल निवासी कंदराखेड़ा जिला जबलपुर बताया। जिस पर पंचनामा बनाकर ग्राम पटना के हल्का पटवारी इंदु बानवानी के द्वारा प्रकरण तैयार कर तहसीलदार बहोरीबंद को अवगत कराया गया। इसके बाद ट्रैक्टर चालक द्वारा भूसा के जिले के बाहर ले जाने पर कलेक्टर द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश किए जाने के बाद भी जारी आदेश की अवहेलना के आधार पर पुलिस थाना बहोरीबंद में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है और ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर लिया गया है।

# लंबित भुगतान और परिवहन व्यय में संशोधन की मांग

**राइस मिलर्स के प्रतिनिधि मंडल ने खाद्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन**



**नवभारत, कटनी।** प्रदेशभर में धान की कस्टम मिलिंग में हो रही देरी से राइस मिलर्स चिंतित हैं। इस देरी के कारण सरकार को हर महीने अरबों रुपये का आर्थिक नुकसान हो रहा है। मिलर्स के एक प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल में खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और अपर मुख्य सचिव खाद्य से मुलाकात कर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा और तत्काल समाधान की मांग की। मिलर्स ने मंत्री को बताया कि धीमी मिलिंग से शासन को प्रतिमाह अरबों रुपए का नुकसान हो रहा है, वहीं मिलर्स को भी आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है। उन्होंने अपग्रेडेशन राशि जारी करने, ट्रायल मिलिंग के आधार पर वास्तविक मिलिंग करवाने, बारदाना उपयोगिता व्यय के राज्यांश का लंबित भुगतान करने और परिवहन व्यय में संशोधन करने जैसी प्रमुख मांगें रखीं। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, महासचिव ईश्वर रोहरा और माखन निषाद सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे। मिलर्स के अनुसार, प्रदेश में किसानों से लगभग 5 करोड़ क्विंटल धान खरीदी गई है। इस पर प्रति क्विंटल 10 रुपए के हिसाब से 50 करोड़ रुपए का गोदाम भंडारण व्यय, 20 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से 100 करोड़ रुपए का ब्याज का नुकसान और लगभग 50 करोड़ रुपए का सुखत का नुकसान हो रहा है।

# विजयराघवगढ़ विधानसभा के तीन छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम

**विधायक संजय पाठक ने मेधावी छात्रों को दी बधाई**



**नवभारत, कटनी।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10 वीं बोर्ड के परिणामों में विजयराघवगढ़ विधानसभा के तीन छात्र छात्रों ने अपनी मेहनत से प्राप्त अंकों के आधार पर प्रवीण सूची में स्थान बनाया है । प्रवीण सूची में स्थान बनाने वाले तीनों छात्र छात्राओं परिजनों को विधायक संजय पाठक ने फोन के माध्यम से बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रदेश की प्रवीण सूची में विजयराघवगढ़ से स्थान बनाने वाले किड्स वे अकादमी स्कूल बरही से आदित्य तिवारी पिता मनोज तिवारी 493/500 सातवां स्थान , सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरही के सौरभ सिंह मार्को पिता प्रताप सिंह मार्को 492/500 आठवां स्थान, इसी तरह ग्राम हरैया के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की खुशबू लोधी पिता उदयभान लोधी 491/500 नौवां स्थान प्राप्त किया। विधायक संजय पाठक ने अपने संदेश में कहा कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्य प्रदेश द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इस परीक्षा में सफलता अर्जित करने वाले सभी विद्यार्थियों, उनके सुयोग्य गुरुजनों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई देता हूं। विजयराघवगढ़ विधानसभा से मेरिट लिस्ट में आने वाले तीनों प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई! आपकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। यह उपलब्धि आपके उज्वल भविष्य की नींव है, इसी तरह मुस्कुराते हुए मेहनत करते रहें और आगे बढ़ते रहें। जो विद्यार्थी इस बार अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं कर सके हैं, वे तनिक भी निराश नहीं हों, यह मात्र एक पड़ाव है, मंजिल नहीं। अटूट धैर्य और निरंतर परिश्रम से सफलता अवश्य आपके कदम चूमेगी। दसवीं में धरवारा माध्यमिक स्कूल की दसवीं की छात्रा दिव्यांशी पिता दीपक कुमार विश्वकर्मा 92% प्रतिशत, सरस्वती स्कूल धरवारा की आठवीं कक्षा में अंशिका पिता दीपक कुमार विश्वकर्मा ने 87% और इसी स्कूल की तीसरी कक्षा की छात्रा प्रियांशी पिता दीपक कुमार विश्वकर्मा ने 95% अंक हासिल किए हैं।

# करंट लगाकर वन्यजीवों का शिकार करने के संदेह में तीन गिरफ्तार

**एक आरोपी फरार, तलाश में वन विभाग की टीम दे रही दबिश**



**नवभारत, कटनी।** जिले के ढीमरखेड़ा तहसील में वन्यजीवों के शिकार की साजिश को वन विकास निगम कुंडम प्रोजेक्ट की टीम ने नाकाम कर दिया है। परसेल और भमका के जंगलों में देर रात की गई छापेमारी में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एक अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। जानकारी के अनुसार वन विकास निगम के अधिकारियों को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ शिकारी भमका गांव के पास जंगली जानवरों को करंट लगाकर शिकार करने की नीयत से घात लगाए बैठे हैं। इस सूचना पर विभाग ने एक विशेष टीम का गठन किया और मौके पर दबिश दी। टीम ने दादर सिंहुडी गांव के तीन आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा। उनके पास से शिकार में इस्तेमाल होने वाला तार, करंट लगाने का सामान और दो मोटरसाइकिलें जब्त की गईं। यह मामला कुछ दिन पहले इसी क्षेत्र में करंट की चपेट में आने से हुई एक मादा तेंदुए की मौत से जुड़ा हो सकता है। घटना के बाद से ही वन विभाग की टीम क्षेत्र में सक्रिय थी। प्रारंभिक आशंका है कि पकड़े गए शिकारी लंबे समय से इस क्षेत्र में सक्रिय थे। विभागीय कार्रवाई के दौरान जबलपुर जिले के कुंडम थाना अंतर्गत ग्राम बरहा निवासी एक आरोपी फरार होने में सफल रहा। वन विभाग ने चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# अमीरगंज तालाब में चलाया गया सफाई अभियान

**जल गंगा संर्वधन अभियान के तहत कराई गई सफाई**



**नवभारत, कटनी।** नगर पालिक निगम द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित की जाने विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों के तहत बुधवार को माधव नगर स्थित अमीरगंज तालाब के आस पास विशेष सफाई अभियान चलाकर फैले अपशिष्ट की सफाई कराई गई। इस दौरान लगभग दो वाहन कचरा प्लांट भेजा गया। अभियान के दौरान निगम के सफाई संरक्षकों द्वारा तालाब के किनारे और बाहरी क्षेत्र में फैली पूजन सामग्री एवं अन्य अपशिष्ट की व्यापक रूप से सफाई कराई जाकर क्षेत्र को साफ-सुथरा बनाए रखने के प्रयास किए गए। जिससे यह स्थल अब स्वच्छ, सुंदर और आकर्षक दिखा। नगर निगम द्वारा क्षेत्रीय नागरिकों, सभी श्रद्धालुओं और नगर वासियों से कहा है कि तालाब में कचरा या गंदगी नहीं फैलाएं, स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें, तालाब को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

# थाने में हाजिरी देगा आदतन अपराधी

**जिला दंडाधिकारी ने एसपी के प्रतिवेदन पर जारी किया आदेश**

**नवभारत, कटनी।** जिला दडांधिकारी कलेक्टर आशीष तिवारी ने विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के पड़खूरी गांव निवासी भूरा ऊर्फ भूरेलाल पिता मैकूलाल पटेल के खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए आगामी 4 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 15 तारीख को पुलिस थाना विजयराघवगढ़ में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है। भूरा के खिलाफ वर्ष 2001 से अब तक 7 आपराधिक प्रकरण दर्ज है। जिनमें साथियों के साथ मिलकर गुंडागर्दी, जुआ सट्टा खेलना और शराब बेचना जैसे अपराध शामिल है। इन प्रकरणों में भूरा को अर्थदंड लगाकर दण्डित भी किया जा गया है जबकि एक प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। पुलिस द्वारा भूरा के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। लेकिन उसकी गतिविधियों में सुधार नहीं हुआ। क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर ने आदतन अपराधी के खिलाफ चार महीने तक थाने में उपस्थिति के दर्ज कराने के आदेश दिए हैं।

# 93 .8 प्रतिशत अंक लाकर पूर्वी ने रोशन किया नाम, मॉडल स्कूल के छात्रों ने भी मारी बाजी

**नवभारत, उमरियापान।** एमपी बोर्ड द्वारा बुधवार को घोषित किए गए कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में छात्रा पूर्वी पटेल ने शानदार सफलता हासिल करते हुए 93.8% अंक प्राप्त कर अपने परिवार और स्कूल का नाम गौरवान्वित किया। पूर्वी पटेल, पिता राजेंद्र प्रसाद पटेल और माता संगीता पटेल की सुपुत्री हैं। उन्होंने कड़ी मेहनत और लगन के दम पर यह उपलब्धि हासिल करते हुए प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। पूर्वी ने विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट अंक अर्जित किए, जिनमें गणित और सामाजिक विज्ञान में विशेष रूप से बेहतरीन प्रदर्शन रहा। शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ पूर्वी



पटेल ने पर्यावरण शिक्षा और आपदा प्रबंधन विषय में भी प्लस ग्रेड प्राप्त कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया है। पूर्वी की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है

## छात्रों ने मारी बाजी

माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं परीक्षा के परिणाम घोषित होते ही क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय शिक्षण संस्थान सीएफआई मॉडल स्कूल, उमरियापान के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। परिणाम के अनुसार छात्रा शुभी चौरसिया ने 90.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं लक्ष्मी कुर्मी ने 89.6% अंकों के साथ द्वितीय और अक्षत चौरसिया ने 88.8% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। गणित, बायो संकाय में शुभी चौरसिया 90.6% के साथ अक्राति द्विवेदी 87.8% और ओम ज्योतिषी 87.4% ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। कॉमर्स संकाय में अक्षत चौरसिया ने 88.8% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जबकि आदित्य कुमार पटेल ने 73.6% अंक अर्जित किए। कला संकाय में लक्ष्मी कुर्मी ने 89.6% अंक प्राप्त कर संकाय में शीर्ष स्थान हासिल किया। स्कूल की प्राचार्य अंजली जैकप ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी छात्रों की बधाई दी है। छात्रों की सफलता पर क्षेत्र में हर्ष का महौल व्याप्त है।



कार्यक्रम | कलेक्टर-एसपी की मौजूदगी में किया गया आईएमए की कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

# कार्यकारिणी पदाधिकारियों और सदस्यों को दिलाई गई पद और निष्ठा की शपथ




**नवभारत, कटनी।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति का शपथ ग्रहण समारोह शहर के निजी होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर आशीष तिवारी और विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा शामिल हुए। साथ ही राज्य अध्यक्ष डॉ बीएम शरणागत, राज्य सचिव डॉ दीपक साहू, राज्य सह सचिव डॉ बरकड़े, डॉ अरविंद जैन, डॉ आरके पाठक, पूर्व राज्य अध्यक्ष डॉ वाय सुब्बाराव द्वारा उपस्थिति देकर कार्यक्रम को गरिमा दी गई। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर आशीष तिवारी ने चिकित्सक की गरिमा व चारित्रिक अखंडता को सर्वोपरि मानते हुए संस्था और सदस्यों के प्रयासों की सराहना की। साथही जनहितैषी कार्यों में और सहभागिता देने का आव्हान किया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने पुलिस और चिकित्सा क्षेत्रो में साम्य स्थापित करते हुए नवीन तकनीकों का प्रयोग समन्वय करते हुए चिकित्सा और अपराध उन्मूलन के क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने के महत्व को प्रतिपादित किया। डॉ हरीश बजाज, निवृतमान अध्यक्ष द्वारा अपने उदबोधन में वर्ष 2023 में आयोजित राज्य स्तरीय कांफ्रेंस और घट खिरवा में निर्मित आईएमए हाल का विशेष उल्लेख करते हुए अपने सभी साथियों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। शपथ अधिकारी डॉ अरविंद जैन ने नवागत अध्यक्ष डॉ सुनीता वर्मा के साथ उपाध्यक्ष डॉ उमा निगम, डॉ कमल नयन लहरिया, सचिव डॉ प्रसंग बजाज, सह सचिव डॉ नेहा शर्मा, डॉ आर्यन तिवारी, कोषाध्यक्ष डॉ सुषमा गट्टानी, सह कोषाध्यक्ष डॉ. निधि बजाज के साथ डॉ राजेश बत्रा, डॉ मनीष मिश्रा, डॉ शेफाली गुप्ता, डॉ शानू अग्रवाल, डॉ नवीन कर्ण, डॉ सीमा शिवहरे, डॉ एलएन खण्डेलवाल, डॉ यशवंत वर्मा, डॉ प्रवीण वैश्य, डॉ दीपक सक्सेना, डॉ समीर चौधरी, डॉ राजेन्द्र गुप्ता सहित सभी वरिष्ठ सदस्यों को पद और निष्ठा की शपथ दिलाई। डॉ सुनीता वर्मा ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में सभी वरिष्ठ जनों और साथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अपनी भावी कार्ययोजना की जानकारी दी। जिसमें वैज्ञानिक शोध चर्चा और सामाजिक हित के कार्य शामिल रहेंगे। अध्यक्ष, डॉ बीएम शरणागत ने सभी को अनुशासित और एकजुट रहते हुए संस्था हित में कार्य करने प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ प्रसंग बजाज सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। सभा में इंडियन मेडीकल एसोसिएशन कटनी के संरक्षक डॉ एसके चांडक, डॉ एचएस नेमा, डॉ बीबी एस लिखित, डॉ केके जैन, डॉ हरचंदानी, डॉ अनिता जैन, डॉ नीलम गुप्ता, डॉ एसके शर्मा सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।




